Statement

Details of Communal Riots in Tamil Nadu during July, 1996 to July, 1998

SI. No.	Date and Place of incident	No . of persons killed	No. of persons injured	Property lost
1.	Jan. 28 & Feb. 3, 1997 Coimbatore, Dindigai, Ramnad, Thanjavur, Kanyakumari and Chengai Anna.	9	21	Rs. 29,35,000/-
2.	August 11 and 27, 1997 Vill. Melapalayam Tirunelveli	4	5	NIL
3.	Sept. 1-2, 1997 Coimbatore	5	9	NIL
4.	November 29-Dec. 3 1997, Coimbatore	26	46	Hon'ble Justice Thiru P.R. Gokula-krishnan Commission of Inquiry has been appointed to assess loss/damage of properties.

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान पेंशन के लम्बित मामले

1606. **श्री रामजीलाल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 1982 तक और तत्पश्चात स्वतंत्रता सेनानी सम्मान पेंशन के लम्बित मामलों की संख्या क्या है,

(ख) क्या यह सच है कि कुछ मामलों को शीघ्रता से निपटाने की दृष्टि सेएक लेखा परीक्षा दल (एस.ए.टी.) का गठन किया गया था,

(ग) क्या यह भी सच है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मृत्यु होने से पश्चात् उनकी विधवा/विधुर को यदि उसके पास दिल्ली में सामान्य पूल से आवासीय सुविधा उपलब्धता है, केवल छः महीने के लिये ही रहने की अनुमति दी जाती है, और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे मामलों में उनकी विधवाओं/विधुरों को भी जीवन भर के लिये आवास सुविधा उपलब्ध कराएगी ?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) इस समय केवल 52 नए मामले लंबित है। ऐसे मामलों, जोकि विगत में एक बार या अधिक बाद रद्द किए जा चुके हैं के संबंध में 2,819 पुनरीक्षण आवेदन भी लंबित है।

(ख) जी हां, श्रीमान।

(ग) जी हां, श्रीमान् । स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी/पति को आवंटी की मृत्यु के पश्चात् केवल छः माह की अवधि के लिए सरकारी आवास रखने की अनुमति है।

(घ) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

महिला कैदियों के लिये मूलभूत सुविधाएं

1607. **श्री नरेंद्र मोहन** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ध्यान 5 फरवरी, 1999 के "दि हिन्दुस्तान टाइम्स" में प्रकाशित उन महिलाओं, जिन्हें किसी कारण से जेलों में रहना पड़ता है, की दशा से संबंधित समाचार की समीक्षा की ओर दिलाया गया है, यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है,

(ख) देश की सभी जेलों में कैदियों की कुल संख्या कितनी है और इनमें महिला कैदियों की संख्या कितनी है, और

(ग) क्या यह सच है कि देश में जेल स्वंय ही यातना केन्द्र है और उनमें कैदियों की संख्या इतनी अधिक है कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं समुचित रूप से उपलब्ध नहीं हो पाती?